## साहित्यिक काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



**सेंधवा।** काव्यमंच के तत्वावधान में एक साहित्यिक काव्य गोष्ठी का आयोजन सेंधवा पब्लिक स्कूल में हुआ। शिक्षक मनोज मराठे ने बताया कि काव्य गोष्ठी का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्व प्रथम चेतन गोयल ने अपनी रचना कभी सपनों को अपने तोड़ना होता है, कुछ मिल जाता है तो कुछ छोड़ना होता है, मनचाहा यदि मिलने लगे सब जीवन मेंए सुनाई। सतीष सोनोने ने अपनी कविता में जीवन के संघर्ष को बयान करते हुए कहा बस भीग जा पसीने से तू तेरी बूंद-बूंद का दाम है। जिंदगी संघर्ष का नाम है, जिंदगी संघर्ष का नाम है, तो क्या सपने और क्या जीवन। वहीं निलेश मंगल, शिक्षक निर्मल चौहान, शाकिर शेख शाकिर, हाफिज़ अहमद हाफिज़, पवन शर्मा हमदर्द, नौजवान शायर वाजीद हुसैन साहिल, मंजुला शर्मा, विशाल त्रिवेदी आदिल एवं डॉ कालूराम शर्मा ने भी अपनी रचनाए सुनाई। वहीं खले द्वारा खूबसूरत व्यंग्य सुना कर गोष्ठी का समापन किया गया। काव्य गोष्ठी का संचालन विशाल त्रिवेदी ने किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

### कन्या पुजन, कलश यात्रा और पर्यावरण का संकल्प, तीन ताल बावड़ी की बदली तस्वीर, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण रहे मौजूद

**पानसेमल, (नवभारत)।** विधानसभा सहित प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों एवं जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं उनकी स्वच्छता को लेकर आवश्यक कार्य कराए गए, जिससे छोटे बड़े जल स्त्रोतों को सुरक्षा मिली है। रविवार को पानसेमल जनपद क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन जालगोन की अति प्राचीन तीन ताल बावड़ी पर हुआ।



विधायक श्याम बर्डे ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ कन्या पुजन किया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि जल ही जीवन है यह कोई कहावत मात्र नहीं, बल्कि आज की सबसे बड़ी सच्चाई है। हमें जल बचाने के हर प्रयास को जन आंदोलन बनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संपूर्ण देश में जल की एक-एक बूंद को बचाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश भर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

अति प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार के पूर्व की स्थिति में बावड़ी अनेक जगह से जीर्ण-शीर्ण हो चुकी थी, लेकिन उसके बाद 7 से 8 लाख की लागत से उसका जीर्णोद्धार कर उसकी तस्वीर बदल गई। जिसका अवलोकन विधायक ने उपस्थितजनों के साथ किया। समापन के दौरान रिमझिम बारिश भी हुई, जिससे थोड़ी समस्या जरूर हुई। जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान विधायक श्याम बर्डे, एसडीएम रमेश सिसोदिया, तहसीलदार सुनील सिसोदिया, सीइओ विरल पटेल, वन विभाग रेंजर मनोज वास्कले, वरिष्ठ कृषि अधिकारी बीएल जैन, जनपद पंचायत सदस्य जगदीश भंडारी, पंडित माली, वीपीसिंह सोलंकी, निंबा पाटिल, प्रकाश पटेल, रजेसिंह गिरासे, लाला जोशी, सहित निवाली और पानसेमल जपं के जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**बावड़ी जीर्ण-जीर्ण**

- अनेक जगह से जीर्ण-शीर्ण हो चुकी थी बावड़ी।
- 7 से 8 लाख की लागत से बदल गई तस्वीर।

## सीएम के कार्यक्रम का देखा सीधा प्रसारण

**पानसेमल।** नगर एवं जनपद क्षेत्र सहित प्रदेश भर में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन सोमवार को खंडवा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का नगर परिषद कार्यालय में एलईडी के माध्यम से लाईव प्रसारण दिखाया। समापन कार्यक्रम के दौरान अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार की गई जल संग्रहण संरचनाओं का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ रूपसिंह सोलंकी, नप उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी सहित पार्षद व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण ईलाकों में बिजली की आंख मिचौली बनी समस्या



**पानसेमल।** नगर सहित ग्रामीण ईलाकों में बारिश के मौसम में आए दिन बिजली की आंख मिचौली से क्षेत्रवासियों को समस्या बनी हुई है। रविवार को सुबह से ही लंबे समय तक बिजली बंद होने से आटा चक्की, राशन दुकानों व अन्य दुकानों पर लोग परेशान होते नजर आए। इस बारे में विद्युत विभाग के जेइ राजेंद्र पटेल ने बताया कि विद्युत पोल में खराबी होने से बिजली सप्लाई में समस्या बनी हुई है। कर्मचारियों द्वारा सुधार के लिए कार्य किया जा रहा है। कुछ कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरती जा रही है। जिन पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात जेइ ने कही है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेश गोले में बताया कि कुछ स्थानों पर बिजली के तारों की स्थिति बहुत खराब है। उन्हें भी दुरुस्त कराया जाए, जिससे ट्रिपिंग की समस्या का निराकरण हो सके।

## आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस सतर्क, समीक्षा बैठक सम्पन्न



**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागृह में 30 जून को पुलिस कप्तान जगदीश डावर के निर्देशन में नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर द्वारा आसूचना संकलन में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मासिक बैठक ली गई। जिसमें जिविशा प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रेखा वास्के, विशेष शाखा प्रभारी संदीप सुल्या, सउनि जीवन चांदोरे सहित जिले के सभी थानों के आसूचना संकलन में कार्यरत पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्यौहारों मोहर्रम, गुरुपूर्णिमा, श्रावण मास, नागपंचमी, तथा जगन्नाथ यात्रा और कावड़ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अन्य प्रमुख निर्देश भी दिए गए।

# जिला अस्पताल में लगा शिविर

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे व डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में नेत्र शिविर आयोजित हुआ। शिविर में बड़वानी और आसपास के जिलों से 107 नेत्र मरीज आंखों की जांच कराने आए थे।

अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने बताया कि डॉ विमलेश चोयल, डीडीपीएम दीपक सोनी, नेत्र सहायक रविन्द्र टेकाम, जय नारायण कुशवाह ने मरीजों का परीक्षण किया। डिस्ट्रिक्ट वाइस गवर्नर राम जाट ने कहा कि सिस्टर सुनीता नरगावे ने मरीजों का ब्लड प्रेशर और मनोज भगोरे ने ब्लड शुगर की जांच की।



महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षण के बाद 21 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। 17 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए इंदौर चोइथराम बस से भेजा गया।


शिविर में विगत दिनों जिला अस्पताल में 5 लैंस प्रत्यारोपित मरीजों की भी जांच की गई और डॉ विमलेश चोयल द्वारा आवश्यक सलाह देकर दवाईयां दी गई। 4 मरीजों के साथ उनके परिजन नहीं होने से नहीं भेजे जा सका। मरीज व उनके परिजनों को लायंस क्लब बड़वानी द्वारा नि:शुल्क भोजन कराया गया। क्लब द्वारा जिला अस्पताल स्टॉफ का आभार व्यक्त किया। आगामी नेत्र शिविर 9 जुलाई होगा।

**एक नजर में** — गिद्ध की मौजूदगी बायगोर जंगल में जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत मानी जा रही है

# खेतिया के बायगोर जंगल में कई वर्षों बाद दिखा गिद्ध

**नवभारत न्यूज़**
**खेतिया, 01 जुलाई.** शहर के निकट बायगोर के घने जंगलों में वनरक्षक राकेश ठाकुर ने पहली बार गिद्ध की मौजूदगी दर्ज की है। यह बायगोर जंगल में जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत मानी जा रही है।

गिद्धों की संख्या पूरे भारत में लगातार घटती जा रही हैं और ऐसे में किसी नए क्षेत्र में इनकी उपस्थिति का पता चलना वन्यजीव वैज्ञानिकों और पर्यावरण प्रेमियों के लिए उत्साहजनक खबर है। वन विभाग के अनुसार यह पहला अवसर है जब बायगोर के जंगलों में गिद्ध को देखा गया है। यह खोज आगे चलकर इस क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण कार्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं को भी जन्म दे सकती है।



वनरक्षक राकेश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने जंगल में गश्त के दौरान बड़े-बड़े पंख से उड़ते गिद्ध को देखा और उसकी तस्वीरें भी ली। पेड़ पर गिद्ध का झूंड होने पर उनकी फोटो क्लिक कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व विशेषज्ञों को जिओ टेगिग के साथ भेज जिन्होंने दुर्लभ प्रजाति के लांग बिल्ड वैल्चर (गिद्ध) होने की पुष्टि की।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि करनपुरा बीट में गिद्ध का बड़ा सा झूंड होने की सूचना पर गिद्ध के झूंड की निगरानी के निर्देश दिए है। साथ ही वनविभाग के कर्मचारी आसपास की चट्टानों में इनके आवास का पता लगा रहे हैं। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही कि गिद्ध का झूंड भोजन, प्रजनन के लिए यहां आया है या स्थाई रूप से इस क्षेत्र को आवास बनाया है।


### गतिविधियों पर नज़र

डीएफओ आईएस गड़रिया ने कहा गिद्ध का दिखाई देना प्राकृतिक परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। गिद्ध की गतिविधियों पर नज़र रखी जा रही है।

**एक नजर में**

## 5 नए कोरोना पॉजिटिव मिले, 5 स्वस्थ होकर लौटे

**इंदौर.** रविवार को जिले में कोरोना संक्रमण के 5 नए मामले सामने आए हैं. हालांकि राहत की बात यह रही कि जितने मरीज संक्रमित पाए गए, उतने ही मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी किए गए. वर्तमान में जिले में 32 कोरोना पॉजिटिव मरीजों का उपचार जारी है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर माधव हसानी ने बताया कि रविवार 29 जून को 11 संदिग्ध सैंपलों की जांच की गई, जिनमें से 5 की रिपोर्ट पॉजिटिव और 6 निगेटिव रिपोर्ट आई है. वहीं रिपीट पॉजिटिव या खारिज सैंपल की संख्या शून्य रही. अब तक जिले में 1,685 सैंपल की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 171 मरीज कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं. इनमें से 141 मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं, जबकि अब तक संक्रमण से किसी की मृत्यु नहीं हुई है. डॉक्टर हसानी का कहना है कि जिले में संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात बरतना अब भी जरूरी है. मास्क, सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग जैसे नियमों का पालन करते रहे.



## घर के बाहर खेल रहे बच्चों पर हमला

**इंदौर.** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने घर के बाहर खेल रहे बच्चों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया. बच्चों को गालियां देने से शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया. मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना प्रजापत नगर की है, जहां रहने वाली रेखा राजपूत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. फरियादी रेखा ने पुलिस को बताया कि उनके बड़े भाई के पड़ोस में रहने के लिए हाल ही में अनिल हातागले नामक युवक आया है. रविवार को रेखा के दोनों बेटे घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे, तभी अनिल बच्चों को गाली देने लगा. जब रेखा और उनके परिवारजनों ने इसका विरोध किया तो अनिल गुस्से में घर के भीतर गया और लोहे की रॉड लेकर बाहर आया. रेखा ने बताया कि अनिल ने दोनों बेटों पर रॉड से हमला करने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी भी दी. आरोपी ने बच्चों को धमकाते हुए कहा कि अगर दोबारा यहां खेलते दिखे तो जान से खत्म कर दूंगा. पुलिस ने आरोपी अनिल हातागले के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. बच्चों और परिवार की सुरक्षा को देखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि आरोपी की गतिविधियों की भी जांच की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर उसे हिरासत में लिया जाएगा.

## मां-बेटे पर किया चाकू से हमला, आरोपी फरार

**इंदौर.** आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके बेटे पर दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया. मामूली कहासुनी के बाद हुए इस हमले में दोनों घायल हो गए. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. घटना शांति नगर, मुसाखेड़ी क्षेत्र की है. यहां रहने वाली रेखाबाई चौहान ने थाने में शिकायत की कि बीती रात मोहल्ले के ही गौरव और कान्हा नामक युवक उनके घर के बाहर पहुंचे और अकारण ही गाली-गलौज करने लगे. जब रेखाबाई और उनके बेटे ने इसका विरोध किया, तो दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए और मारपीट पर उतारू हो गए. विवाद इतना बढ़ गया कि गौरव और कान्हा ने चाकू निकाल लिया और मां-बेटे पर हमला कर दिया. हमले में दोनों घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. पुलिस ने आरोपियों गौरव और कान्हा के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. आजाद नगर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं और उनके पास से हमले में उपयोग किए गए हथियार बरामद करने की भी कोशिश की जा रही है. पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त सतर्कता बढ़ा दी है और वारदात के पीछे की वजह की भी जांच की जा रही है.

## अवैध हथियार के साथ घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर.** शहर में अवैध हथियारों की तस्करी और उपयोग पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है. भंवरकुंआ पुलिस ने रविवार को एक बदमाश को देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया. आरोपी को कुम्हारभट्टी पालदा क्षेत्र से पकड़ा गया है. उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरु की. पुलिस उपायुक्त जोन 4 आनंद यादव ने बताया कि अवैध हथियार रखने की सूचना पुलिस को मुखबिर के माध्यम से मिली थी. सूचना के मुताबिक एक युवक फटाका मार्केट, कुम्हारभट्टी पालदा क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर संदिग्ध हालत में घूम रहा था. इस पर भंवरकुंआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया.

# बायपास पर दो दिन की अफरा-तफरी के बाद राहत

### प्रशासन, पुलिस और निगम की मुस्तैदी से रविवार को नहीं लगा बड़ा जाम

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. शुक्रवार और शनिवार को भारी जाम की चपेट में आए इंदौर-देवास बायपास पर रविवार को हालात सामान्य रहे. दो दिन तक 30 घंटे से ज्यादा चले ट्रैफिक जाम और दो दर्दनाक मौतों के बाद जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई ने असर दिखाया. लगातार प्रयासों के चलते रविवार को बड़े वाहनों की रफ्तार थमी नहीं और न ही ट्रैफिक जाम की कोई गंभीर स्थिति बनी.**

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को शुरू हुआ बायपास पर जाम 8 किलोमीटर तक फैल गया था. घंटों जाम में फंसे वाहनों और यात्रियों को राहत नहीं मिली तो हालात बेकाबू होने लगे. इस बीच एक कैंसर पीड़ित और एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई, जिन्होंने समय पर इलाज नहीं मिलने से दम तोड़ दिया था, इन घटनाओं के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और शनिवार रात तक मरम्मत व ट्रैफिक नियंत्रण के इंतजाम तेज़ी से किए गए. कलेक्टर आशीष सिंह, पुलिस अधिकारियों और निगम की टीम ने देर रात तक बायपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. सड़क पर बने गड्ढों को पाटने, जलजमाव खत्म करने और ट्रैफिक डाइवर्जन की व्यवस्थाओं को सुधारा गया. एनएचएआई की मदद से मरम्मत कार्य भी प्रारंभ हुआ. इसके साथ ही भारी वाहनों के प्रवेश पर भी कुछ समय के लिए रोक लगाई गई. रविवार को इन प्रयासों का असर दिखा, न केवल ट्रैफिक सामान्य रहा, बल्कि आमजन को भी राहत की सांस मिली. अब प्रशासन की चुनौती यह है कि मानसून के दौरान यह रास्ता फिर किसी बड़ी परेशानी का कारण न बने.

### सड़क की दुर्दशा और टोल वसूली पर जताई आपत्ति

इंदौर-देवास एबी रोड पर भारी जाम और खराब सड़क व्यवस्था को लेकर ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी सी एल मुकाती, मैनेजिंग कमेटी मेंबर, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस, नई दिल्ली व पूर्व अध्यक्ष, इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेजकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है. ज्ञापन में कहा गया है कि बीते 72 घंटे में एबी रोड पर जाम की वजह से तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों ट्रक फंसे रहे. ट्रकों में भरा माल खराब हो रहा है, जिससे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. खराब सड़कों और अव्यवस्थित टोल वसूली को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की गंभीर लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है. इनकी मुख्य मांगे इस प्रकार है, जब तक सड़क पूरी तरह दुरुस्त न हो, टोल टैक्स की वसूली तत्काल रोकी जाए, जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए, भारी वाहनों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग व पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं.

# चोरों ने एक ही रात में कई घरों को बनाया निशाना

- जेवर-नकदी पर किया हाथ साफ

**इंदौर. शहर में चोरों का आतंक एक बार फिर सिर उठाने लगा है. बीती रात चोरों ने दो अलग-अलग इलाकों में घरों को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली. खजराना और भंवरकुआ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पहली घटना खजराना थाना क्षेत्र के सूरज नगर में हुई, जहां निवासी प्रशांत बंसल के घर चोर घुसे और तिजोरी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी ले उड़े. उस समय परिवार के सदस्य किसी समारोह में गए हुए थे, और इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया. वहीं दूसरी घटना भंवरकुआ थाना क्षेत्र के श्रीराम नगर, पालदा में हुई. यहां रहने वाले संतोष कुमार सेन दुकान पर थे और उनकी पत्नी रक्षा बच्चों को लेकर डॉक्टर के पास गई थीं. जब वे वापस लौटे, तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और भीतर से ज्वेलरी गायब है. दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. घटनास्थलों का निरीक्षण कर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वाड की मदद भी ली जा रही है. पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों की सूची के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी गई है. अधिकारी जल्द ही वारदातों के खुलासे का दावा कर रहे हैं.

## तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ने ली युवक की जान

- अज्ञात चालक पर हुआ प्रकरण दर्ज
- चोइथराम चौराहे के पास हुआ हादसा सिर में आई थी गंभीर चोट

**नव भारत न्यूज**
इंदौर. चोइथराम चौराहे के पास एक दर्दनाक हादसे में युवक की जान चली गई. तेज रफ्तार लोडिंग वाहन की टक्कर से युवक सड़क पर गिरा और सिर में गंभीर चोट आने के चलते उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया.

# युवती को बाइक सवार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

### दुकान से ड्यूटी पूरी कर लौट रही थी घर, भाई ने पुलिस पर उठाए सवाल

**नव भारत न्यूज**
इंदौर. मल्हार मेगा मॉल के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवती की जान चली गई. बर्गर किंग में काम करने वाली यह युवती ड्यूटी पूरी कर घर लौट रही थी, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल युवती को राहगीरों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. विजयनगर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मृतका का नाम दिव्या पिता इंदर सिंह कनेसिया है, जो मूल रूप से देवास की रहने वाली थी और हाल ही में अपने भाई मनीष के साथ इंदौर के एमआर-9 क्षेत्र में रहने आई थी. तीन दिन पहले ही उसे मल्हार मेगा मॉल स्थित बर्गर किंग में नौकरी मिली थी.



# लापता दो नाबालिग रेलवे प्लेटफॉर्म से मिले, जीआरपी ने परिजनों को सौंपा

- एक माह में आठ नाबालिगों को खोजकर सुरक्षित लौटाया घर

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. रेलवे स्टेशन से लापता हुए नाबालिगों को ढूंढने में जीआरपी इंदौर लगातार सक्रियता दिखा रही है. जिसके तहत रात प्लेटफॉर्म नंबर 4 से दो नाबालिग लड़कों को बरामद कर उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया. दोनों बालक गुना जिले के रहने वाले हैं और माता-पिता की फटकार के बाद नाराज होकर घर से भाग निकले थे.**

दोनों नाबालिग इंदौर में किसी रिश्तेदार के घर जाने के इरादे से स्टेशन पहुंचे थे और ट्रेन का इंतजार कर रहे थे. तभी स्टेशन पर तैनात पुलिस जवानों को वे संदिग्ध अवस्था में बैठे नजर आए. पूछताछ में दोनों ने शुरुआत में कुछ छिपाने की कोशिश की, लेकिन बाद में सही पता और घर का विवरण बताया. पुलिस ने तुरंत परिजनों से संपर्क कर बच्चों को सकुशल उनके हवाले कर दिया. पिछले एक माह में अब तक पांच नाबालिग लड़कियां और तीन लड़कों को खोजकर उनके परिवारों से मिलवाया जा चुका है.

अधिकतर मामलों में घर से नाराज होकर या मामूली बात पर नाराज होकर बच्चे घर छोड़कर निकल जाते हैं. रेलवे पुलिस स्टेशन पर घूमते या भटकते बच्चों पर विशेष नजर बनाए हुए है. जीआरपी का कहना है कि नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता लगातार जारी रहेगी और किसी भी तरह की अनहोनी से पहले बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाना प्राथमिकता है.

**एक नजर में** — आम जनता वर्षों से परेशान, सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग

# मिलावट करने वाले पेट्रोल पंपों पर हो सख्त कार्रवाई

**इंदौर. देश में भ्रष्टाचार चरम पर है. कहीं राशन पर डाका डाला जाता है तो कहीं आम नागरिकों की जेब में. सरकारी कोई भी कार्य को कठिन बनाया सिर्फ इसलिए जाता है कि भ्रष्टाचार किया जा सके. इससे कोई अछूता नहीं है. वर्षों से ईंधन की चोरी और मिलावटों के बारे में ख़बरे प्रकाशित होती आ रही है. कार्रवाई के बजाए नीचे से लेकर उपर तक मंत्री एवं अधिकारी सब मुंह फेरते रहे. अब खुद पर बन आई तो प्रदेश भर में हल्ला मच गया.**

हाल ही में रतलाम में मुख्यमंत्री के वाहन में ईंधन के साथ पानी भी पहुंच गया जिससे भ्रष्टाचार की पोल खुल गई कि किस तरहा वह सौ रूपए लीटर पानी बेच रहे है और आम जनता को ठग रहे है. हर दिन का आंकड़ा लगाया जाए तो लाखों लीटर ईंधन विभिन्न पेट्रोल पम्प से बेचा जाता है. कहीं मात्रा कम होने की शिकायत मिलती तो कहीं मिलावट होने की. लेकिन इससे बचने के लिए पम्पकर्मी उपभोक्ताओं से लड़ भिड़ जाते है. कई बार शिकायत भी हुई लेकिन भ्रष्टाचार की रकम इतनी बड़ी होती है कि कोई कार्रवाई नहीं होती. सालों से आम नागरिकों की जेब पर डाका डाला जाते आ रहा है. अब देखना यह है कि बड़े स्तर पर प्रदेश के कितने पेट्रोल पम्पों और कितने अफसरों पर कार्रवाई होती है या फिर मंत्रियों द्वारा लीपा-पोती कर दी जाती है.




### इनका कहना है...



राज्य सरकार कहती है भ्रष्टाचार मिटाएगी. अब मौका है. सरकार ऐक्शन में आए. उचित कार्रवाई कर उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण ईंधन दिलवाकर न्याय करे. दोषियों को कठोर सजा हो और काला धन वसूली भी करें.
**- योगेश गवली**



आम जनता कहती आ रही थी तब कोई असर नहीं हुआ. अब उन्हें पक्का विश्वास लगने लगा कि पेट्रोल पम्प पर लोगों के साथ ठगी होती आ रही है. अब तो सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.
**- सलीम खान**



पेट्रोल पम्प पर निर्मित ईंधन टैंक और पम्प मशीन चेक करने वाले अधिकारी भ्रष्टाचार फैलाते हैं, जिसका ख़मयाज़ा लोगों को भुगतना पड़ता है. खुली चोरी और मिलावट को रोकना बहुत ज़रूरी है.
**- अचल सक्सेना**